पत्रकारों ने सीखी एक मिनट में स्वयं को चार्ज करने की तकनीक

छतरपुर (म.प्र.) 10 जनवरी 2022

छतरपुर। प्रजापिता ब्रह्माकमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय छतरपुर किशोर सागर पावन धाम में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें संस्था के मुख्यालय माउण्ट आबू से पधारे अंतर्राष्ट्रीय मोटीवेशनल स्पीकर ब्रह्माकुमार शक्तिराज सिंह भाइ जो द्वारा सभी सम्पादक एवं पत्रकार बन्धुओं को सम्बोधित किया गया।

उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि "हमारे जीवन में सकारात्मक संकल्पों का बहुत महत्व है। हम जो भी सोचते हैं उसमें भूतकाल और भविष्य के बारे में ज्यादा संकल्प होते हैं और जो वर्तमान में है उसको छोड़ देते हैं जबकि भूत और भविष्य एक सपने के समान हैं और केवल वर्तमान ही अपना है। यदि हमें अपने भूत एवं भविष्य को अच्छा बनाना है तो हमें अपने वर्तमान को अच्छा बनाना होगा। इसके साथ–साथ उन्होंने तनावमुक्त रहने के लिए अनेक प्रकार के टिप्स दिए।

उपरोक्त कार्यक्रम में शहर के कई वरिष्ठ सम्पादक एवं पत्रकार जिसमें शुभ भारत के सम्पादक श्याम अग्रवाल, छतरपुर भ्रमण हरी अग्रवाल, कृष्ण क्रांति अजय दोसाज, न्यू राष्ट्र भ्रमण सुरेन्द्र अग्रवाल, भविष्य की आहट रवीन्द्र अरजरिया, बुन्देली चुगली नीरज सोनी, प्रदेश टूडे दिलीप सोनी, देशबन्धु कमलेश पाण्डे, राज की दुनिया एवं इंडिया टीवी प्रेम गुप्ता, पेप्टेक न्यूज शिवेन्द्र शुक्ला, दैनिक बुन्देली मंच कल्याण सिंह, विन्ध्य शक्ति सुशील दुबे, पारदर्शी एक्सप्रेस अशोक नायडू, एनडीटीवी अरविंद तिवारी, अंश भास्कर ब्रजेन्द्र अवस्थी, देशहित न्यूज दिनेश पिपरसानिया, दैनिक हरि भूमि पवन अवस्थी, एलगार आनन्द अवस्थी, स्वदेश, जबलपुर

दर्पण चतुर चौहान, दैनिक जागरण लक्ष्मीकांत चतुर्वेदी एवं रिपोर्टर गजेन्द्र बुन्देला आदि उपस्थित रहे ।

कार्यक्रम के पश्चात सभी को ईश्वरीय प्रसाद स्वरुप ब्रह्माभोजन एवं छतरपुर सेवाकेन्द्र प्रभारी बी.के. शैलजा द्वारा सभी को ज्ञानयुक्त ईश्वरीय स्लोगन भेंट स्वरुप प्रदान किये गए।

कार्यक्रम की सभी पत्रकार बन्धुओं ने भूरि भूरि प्रशंसा की एवं सभी ने माना कि कोरोना काल के समय राजयोग मेडीटेशन वेक्सीन लगाना बहुत जरुरी है।